## दिनांक 30.05.2026 को संपन्न निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, नालन्दा, बिहारशरीफ के परिक्षेत्राधीन सिंचाई प्रमंडल, उदेरास्थान के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2026-27 दिनांक 06.05.2026 **"तैल्हाडा शाखा नहर कि0मी0 15.90 से कि0मी0 18.86 के विभिन्न बिन्दुओं पर गाद तथा तटबंध मरम्मति एवं गोमहर पईन के 13 अदद् आउटलेट का निर्माण कार्य"** की पुर्ननिविदा निष्पादन हेतु तकनीकी बीड का तुलनात्मक विवरणी अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, नालन्दा, बिहारशरीफ के पत्रांक 2031 दिनांक 22.05.2026 द्वारा उपलब्ध कराया गया है। यह पुर्ननिविदा ई–टेंडरिंग के अन्तर्गत आमंत्रित किया गया है। प्रस्तुत आमंत्रित पुर्ननिविदा के एकल तकनीकी बीड पर विचार हेतु निविदा समिति की बैठक मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, नालन्दा, बिहारशरीफ के कार्यालय आदेश सं० 79–सह–ज्ञापांक 1916 दिनांक 27.05.2026 के आलोक में आज **दिनांक 30.05.2026 (शनिवार) को 04:00 बजे अपराह्न** में सम्पन्न हुई।

**बैठक में निम्न पदाधिकारियों ने भाग लिया ।**

1. ई0 मनोज कुमार, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, नालन्दा, बिहारशरीफ।
2. ई0 सुशील प्रकाश, अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, नालन्दा, बिहारशरीफ।
3. ई0 बबन कुमार, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, उदेरास्थान।

***निविदा सूचना संख्या –अल्पकालिन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना सं0–04/2026–27***

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्राप्ति की तिथि– | 19.05.2026 |
| 2. | प्रमंडल का नाम– | सिंचाई प्रमंडल, उदेरास्थान। |
| 3. | कार्य का नाम :– | **तेल्हाडा शाखा नहर कि0मी0 15.90 से कि0मी0 18.86 के विभिन्न बिन्दुओं पर गाद तथा तटबंध मरम्मति एवं गोमहर पईन के 13 अदद् आउटलेट का निर्माण कार्य।** |
| 4. | तकनीकी बीड में शामिल निविदादाता की संख्या – | 01 (एक अदद्) |
| 5. | स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि– | 17.99 लाख |
| 6. | निविदा प्रकाशन का विवरण– | दैनिक जागरण, पटना दिनांक 10.05.2026. |
| 7. | निविदा की प्रक्रिया– | ई–टेंडरिंग द्वारा । |
| 8. | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग एवं राशि– | विभागीय पत्रांक *मो०–3–कार्य पी०–82/25–*1175 दिनांक 22.05.2026 द्वारा राशि रू0 83.46653 लाख संसुचित है। |

**तकनीकी बीड की समीक्षा :–**

कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, उदेरास्थान के पत्रांक 660 दिनांक 13.04.2026 द्वारा **"तेल्हाडा शाखा नहर कि0मी0 15.90 से कि0मी0 18.86 के विभिन्न बिन्दुओं पर गाद तथा तटबंध मरम्मति एवं गोमहर पईन के 13 अदद् आउटलेट का निर्माण कार्य"** हेतु निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02/2026–27 दिनांक–13.04.2026 द्वारा आमंत्रित निविदा में किसी निविदादाता द्वारा भाग नहीं लिया गया है।

पुनः कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, उदेरास्थान पत्रांक 810 दिनांक 06.05.2026 द्वारा पुर्ननिविदा सं0–04/2026–27 दिनांक–06.05.2026 आमंत्रित किया गया। प्रचार–प्रसार हेतु इस पुर्ननिविदा का दिनांक–10.05.2026 के दैनिक जागरण समाचार पत्र, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, उदेरास्थान के पत्रांक 810 दिनांक 06.05.2026 से आमंत्रित की गई पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना सं0–04/2026–27 को अपने सूचना पट्ट एवं विभागीय उच्चाधिकारी के सूचना पट्ट तथा ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www-eproc2-bihar-gov-in में प्रकाशन हुआ है। उपरोक्त से स्पष्ट है कि इस पुर्ननिविदा में उचित प्रक्रिया एवं प्रचार का आश्रय सुनिश्चित किया गया है।

वित्त विभाग का अधिसूचना संख्या–एम–4–12/2015–7806 दिनांक 30.09.2016 में निहित प्रावधान "क्रेता विभाग द्वारा प्राप्त तकनीकी बोली (Technical Bid) का मूल्यांकन सक्षम समिति या

प्राधिकारी के द्वारा किये जाने के पश्चात वित्तीय बोली (Financial Bid) के मूल्यांकन हेतु एक मात्र निविदा शेष हो अथवा प्रथम बार की गयी निविदा में कोई भी निविदा प्राप्त नहीं हो तो उसके लिए तुरंत दोबारा निविदा आमंत्रित की जायेगी अगर दोबारा निविदा आमंत्रण के बाद भी तकनीकी बोली के मूल्यांकन के पश्चात वित्तीय बोली के मूल्यांकन हेतु एक ही निविदा शेष हो तो उस विषय का निपटारा सक्षम प्राधिकार से एक स्तर के उपर के प्राधिकार द्वारा किया जायेगा।" के आलोक में अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, नालंदा, बिहारशरीफ के पत्रांक 2031 दिनांक 22.05.2026 द्वारा पुर्ननिविदा अभिलेख के साथ तुलनात्मक विवरणी उपलब्ध कराया गया है, जिसके समीक्षोपरान्त निविदा की स्थिति निम्नवत है :–

1. M/S Shree Siddhivinayak, Moh– Murarpur M.G. Road, Biharsharif, Nalanda, Bihar-803101 ये तकनीकी बीड हेतु निर्धारित सभी अहर्ताओं को पूरा करते हैं।

## निविदा समिति का निर्णय :–

समयक समीक्षोपरान्त निविदा समिति द्वारा वित्त विभाग का अधिसूचना संख्या–एम–4–12/2015–7806 दिनांक 30.09.2016 के आलोक में निविदादाता M/S Shree Siddhivinayak, Moh– Murarpur M.G. Road, Biharsharif, Nalanda, Bihar-803101 को तकनीकी बीड की वांछित अर्हताएँ पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल पाया गया।

सफल निविदादाता M/S Shree Siddhivinayak, Moh– Murarpur M.G. Road, Biharsharif, Nalanda, Bihar-803101 का वित्तीय बीड खोलकर निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित करने हेतु अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, नालन्दा, बिहारशरीफ को निदेशित किया गया।

ह0/–
(बबन कुमार)
कार्यपालक अभियंता,
सिंचाई प्रमंडल, उदेरास्थान।

ह0/–
(सुशील प्रकाश)
अधीक्षण अभियंता,
सिंचाई अंचल, नालन्दा, बिहारशरीफ।

ह0/–
(मनोज कुमार)
मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग,
नालन्दा, बिहारशरीफ।

ज्ञापांकः–मु०अ०बि०श०–........................ /बिहारशरीफ दिनांक :–..........................................

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, नालन्दा, बिहारशरीफ/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, उदेरास्थान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि निविदा समिति के निर्णय को www.e-proc2.bihar.gov.in के बेबसाईट पर अपलोड करते हुए नियमानुसार वित्तीय बीड खोलने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करेगें।

ह0/–
(मनोज कुमार)
मुख्य अभियंता,
सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग,
नालन्दा, बिहारशरीफ।

ज्ञापांकः–मु०अ०बि०श०–1953 /बिहारशरीफ दिनांक :–30/05/2026

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

(मनोज कुमार)
मुख्य अभियंता,
सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग,
नालन्दा, बिहारशरीफ।

30/05/26